RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 327 | नागौर, 07 नवम्बर, 2022 (सोमवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

# जोधपुर में हुई 10 करोड़ की लूट की तिजोरी व कार कुचामन में लावारिस मिली

- जोधपुर में बिजनेसमेन को नींद की गोलियां खिलाकर दिया था वारदात को अंजाम
- चार नेपाली नौकरों ने लालच में आकर मालिक के घर दिया लूट की वारदात को अंजाम

## कुचामन के झालरा रोड पर लावारिस मिली कार

## कुचामन के भैरू तालाब की झाड़ियों में मिली गोदरेज की तिजोरी

- तिजोरी तोड़ने में नाकाम रहे तो वहीं छोड़ भागे लूटेरें

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार को शहर के झालरा रोड पर एक टाटा नेक्सान गाड़ी लावारिस हालत में खड़ी मिली। काफी समय तक इस तरह गाड़ी खड़ी रहने व गाड़ी की फाटक ओपन होने के चलते आसपास के लोगो को शक हुआ तो पुलिस को सूचना दी। कुचामन थाने की टीम व सीओ कटेवा स्वयं इस गाड़ी को ढूंढ रहे थे क्योंकि जोधपुर पुलिस ने कुचामन पुलिस को पहले ही अलर्ट कर दिया था कि लूटेरे वारदात के बाद कुचामन की तरफ निकले हैं।

उधर स्टेशन रोड मेगा हाइवे पर भैंरूतालाब में एक दुकानदार ने झाड़ियों में अज्ञात लोगो की संदिग्ध गतिविधियां के बारे में पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने भैंरूतालब में झाड़ियों में जाकर देखा तो वहां खड्ढे में तिजोरी मिल गई। पुलिस ने तिजोरी को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई। तिजोरी के पास 2 पेंचकस भी मिले। संभवत लूटेरों ने तिजोरी तोड़ने का प्रयास किया परन्तु नाकाम रहे।

पुलिस टीम सीओ संजीव कटेवा के नेतृत्व में फिर से मौके पर पहुंची तथा जहां तिजोरी मिली वहां से कुछ आगे उन्हें 2 लेडिज बेग ओर मिले। इसी प्रकार झालरा रोड पर मिली गाड़ी टाटा नेक्सोन से पुलिस को दो मोबाइल फोन, लैपटॉप, एक अटैची, एक लेडीज बैग, एक छोटा हैंडबैग बरामद किया है।


### ये था पूरा मामला

गौरतलब है कि शनिवार की देर रात जोधपुर में गोल्फ कोर्स इलाके में रहने वाले बिजनेसमैन व हैंडीक्राफ्ट व्यवसायी अशोक चोपड़ा के घर से उनके 4 नौकर 10 करोड़ की चोरी करके फरार हो गए। शनिवार रात नौकरों ने बिजनेसमैन व उसके परिवार को चावलों में नींद की गोलियां मिलाकर दीं और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार नौकरों ने व्यवसायी के हाथ से करीब एक करोड़ की अंगूठी भी निकालकर ले गए, इसके अलावा वे कैश और ज्वेलरी लेकर रफू चक्कर हो गए। बिजनेसमेन चोपड़ा की 20 वर्षीय बेटी अंकिता ने वारदात की सूचना अपने पिता के बिजनेस पार्टनर व पुलिस को दी।






## नाकाबंदी से डरकर कुचामन में गाड़ी छोड़ भागे लूटेरें







### 2 ड्राइवरों को भी दी नींद की गोलियां

जानकारी के अनुसार नौकरों ने चोपड़ा और लवीना को पहले नींद की गोलियां दीं। इसके बाद 2 ड्राइवरों को खाने में नींद की गोलियां मिलाकर दे दी। वहीं, चोपड़ा की मां और सात साल के दोहिते को बदमाशों ने बेहोश नहीं किया। जानकारी के अनुसार परिवार के चार लोगों को बेहोश करने के बाद नौकर घर में रखी ज्वेलरी और कैश लेकर फरार हो गए। चोर जाते वक्त अशोक चोपड़ा की कार भी अपने साथ ले गए। चारों नौकर नेपाली हैं। इनमें एक महिला नौकर लक्ष्मी भी है जो यहां 4 साल से काम कर रही थी वहीं बाकी नौकरों को 2 महीने पहले ही काम पर रखा था।

### इनका कहना है



'जोधपुर डीएसपी नाजिम बेरी ने सुबह हमें इत्तला दी कि इस प्रकार की वारदात करके लूटेरे कुचामन की तरफ निकले हैं। हमनें डीएसपी नाजिम बेरी की तरफ से उपलब्ध कार के फुटेज लेकर तफ्तीश शुरू की तो झालरा रोड पर इस प्रकार की लावारिस गाड़ी मिलने की सूचना मिली। इसके बाद टीम ने लोगो से मेगा हाइवे पर पूछताछ शुरू की तो कुचामन नवोदय विद्यालय के सामने एक व्यापारी ने कुछ संदिग्ध लोगो के बारे में बताया। भैरूतालाब के पास जाकर जांच की तो खड्ढे में लावारिस हालत में गोदरेज की तिजोरी मिली। तिजोरी के पास में 2 पेंचकस भी मिले। झालरा रोड पर मिली गाड़ी के अंदर लेपटाप, घड़िया, 21 हजार केश, 2 मोबाइल, सीसीटीवी की हार्ड डिस्क, अटेची व 2 बेग मिले।'

*संजीव कटेवा*
*पुलिस उप अधीक्षक, कुचामनसिटी।*

# Air Pollution

## दिल्ली में फिर खुलेंगे प्राइमरी स्कूल! पर्यावरण मंत्री ने बुलाई हाई लेवल मीटिंग

नई दिल्ली।

राजधानी दिल्ली में पिछले दो दिनों में हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। वायु गुणवत्ता सूचकाकं गंभीर श्रेणी से नीचे आ गया है। वहीं, सीएक्यूएम ने भी ग्रेप-4 में लगी पाबंदियां भी हटा दी हैं। इसके चलते दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भी हाई लेवल मीटिंग बुलाई है, जिसमें प्राइमरी स्कूलों को फिर से खोलने और दिल्ली सरकार के कर्मचारियों को दिए गए वर्क फ्रॉम होम को खत्म करने पर विचार किया जाएगा।



### डीजल वाहन और ट्रकों की एंट्री पर लगी रोक हटी

दिल्ली एनसीआर में वायु की गुणवत्ता में सुधार होने पर सीएक्यूएम ने दिल्ली-एनसीआर में गैर-बीएस 4 डीजल से चलने वाले हल्के मोटर वाहनों और दिल्ली में ट्रकों के घुसने पर लगा बैन हटा दिया है। दिल्ली एनसीआर की वायु गुणवत्ता में सुधार के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंध आयोग की बैठक हुई। इस दौरान पूर्वानुमान में बताया कि अगले तीन चार दिन एयर क्वालिटी इंडेक्स (वायु गुणवत्ता सूचकांक) अभी गंभीर श्रेणी में नहीं जाएगा। जिसके चलते ग्रेप के चौथे चरण के सभी प्रविधान हटा दिए गए। अब आगे के पूर्वानुमान के आधार पर आठ या नौ तारीख को फिर से सीएक्यूएम की समीक्षा बैठक होगी।

### हवा की रफ्तार बढ़ने से मिली राहत

रविवार सुबह हवा की रफ्तार तेज रहने से दिन में धुंध की चादर छटने से राहत मिली। न्यूनतम दृश्यता भी अधिक दर्ज की गई। न्यूनतम दृश्यता बढ़ने के साथ आसमान साफ नजर आया। हालांकि सांस रोगियों के हवा अभी भी नुकसानदेह है। डाक्टरों ने लोगों को मास्क लगाकर घरों से बाहर निकलने की सलाह दी है। रविवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 339, नोएडा का 330, फरीदाबाद का 311, गुरुग्राम का 308, ग्रेटर नोएडा का एक्यूआइ 299, गाजियाबाद का 288 दर्ज किया गया।

## भारत सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा

### जिम्बाब्वे को 71 रन से हराया, अश्विन के 3 विकेट

मेलबर्न.

टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप अपने आखिरी लीग मैच में जिम्बाब्वे को 71 रन से हरा दिया है। अब सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला इंग्लैंड से 10 नवंबर को एडिलेड में होगा।

रविवार को कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। 20 ओवर में 5 विकेट खोकर भारत ने 186 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने 25 बॉल में 61 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 244 रहा। इस दौरान 6 चौके और 4 छक्के लगाए। केएल राहुल ने भी 35 बॉल में 51 रन बनाए। जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा 2 विकेट शॉन विलियम्स ने लिए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 17.2 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट हो गई। अश्विन ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी को 2-2 विकेट मिले। भारत ने ग्रुप-2 में अपने 5 में से 4 मुकाबले जीते और 8 अंक के साथ नंबर-1 पर पहुंच गया। इस ग्रुप से क्वालिफाई करने वाली दूसरे टीम पाकिस्तान रही। उसके 5 मैच में 6 अंक हैं। ग्रुप 1 में न्यूजीलैंड पहले और इंग्लैंड दूसरे स्थान पर रहा।



# पुष्कर मेला : मटका सिर पर रखकर दौड़ीं विदेशी युवतियां

अजमेर।

विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले में विदेशी युवतियों ने पानी से भरा मटका सिर पर रखकर दौड़ लगाई तो हर कोई हैरत में पड़ गया। मटका दौड़ में विदेशी युवतियां भारतीय पर भारी पड़ी। ऑस्ट्रेलिया की तनयीला को पहला स्थान मिला। साथ ही म्यूजिकल चेयर कॉम्पिटीशन में अजमेर की रहने वाली सुशीला चौधरी पहले स्थान पर रहीं। मटका दौड़ और म्यूजिकल चेयर कॉम्पिटीशन के साथ ही रविवार को मेला ग्राउंड पर सांस्कृतिक प्रोग्राम भी हुए।



### एक घंटे देरी से शुरू हुई मटका दौड़

मटका दौड़ सुबह 10.30 बजे शुरू होनी थी, लेकिन एक घंटे देरी से शुरुआत हुई। दौड़ में ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, न्यूयॉर्क, नेपाल और इंडियन समेत 20 महिलाओं ने पार्टिसिपेट किया। दौड़ से पहले सभी विदेशी महिलाओं को बताया गया कि मटका सिर पर रखना है। साथ ही मटके में पानी भरा जाएगा। इसके बाद सभी मटकों को आधा पानी से भर दिया गया। कुछ देर बाद सभी को एक साथ खड़ा किया। सबसे पहले ऑस्ट्रेलिया की तनयीला फिनिश लाइन तक पहुंचीं। फिर अजमेर की रेखा और पुष्कर की तेजस्विनी गौतम पहुंच पाई। विजेताओं को मेला मजिस्ट्रेट सुखराम पिंडेल ने मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

तनयीला ने कहा- उन्हें मटका दौड़ में पार्टिसिपेट कर काफी अच्छा लगा। उन्होंने पहला स्थान प्राप्त किया है। खुद पर गर्व हो रहा है। उन्होंने राजस्थानी कल्चर की भी तारीफ की।

# गुजरात को बदनाम करने वालों पर बरसे पीएम मोदी, परिवारवाद पर भी साधा निशाना

अहमदाबाद।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नफरत फैलाने वाले तथा गुजरात को बदनाम करने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में साफ हो जाएंगे। मोदी ने दक्षिण गुजरात के वलसाड जिले से चुनावी बिगुल फूंकते हुए कांग्रेस के परिवारवाद पर निशाना साधते हुए कहा पहले एक ही परिवार का राज चल रहा था, अब राजनीति नये युवा आ गये।

### साफ हो जाएंगे गुजरात को अपमानित करने वाले

चुनावी तिथियों की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहली सभा रविवार को आदिवासी बहुल वलसाड जिले के नानापोंडा में आयोजित की गई। सभा में मोदी ने विरोधियों पर जमकर निशाना साधा और कहा कि गुजरात का अपमान करने वाले तथा नफरत फैलाने वाले आगामी चुनाव में साफ हो जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा दिल्ली में बैठकर गुजरात से जो खबर मिलती है उसमें भाजपा राज्य विधानसभा का चुनाव भारी बहुमत के साथ जीत रही है। उन्होंने कहा कि वे भाजपा के लिए और अधिक समय देने के लिए तैयार हैं।



### पीएम ने परिवारविवाद पर किया प्रहार

प्रधानमंत्री ने एक लाख करोड़ रुपए की वन बंधु योजना, नवसारी में श्रेष्ठ इलाज की व्यवस्था, स्कूल-कॉलेज और बुनियादी सुविधाओं का उल्लेख किया। कांग्रेस के परिवारवाद पर बिना किसी पार्टी का उल्लेख किए उन्होंने प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राजनीति में नई पीढ़ी आ चुकी है, नहीं तो पहले एक ही पीढ़ी चलती रहती थी। उन्होंने आदिवासी पट्टे उमरगाम से अंबाजी तक के क्षेत्र में उनकी सरकार के किए कार्यों से आए बदलाव का पूरा ब्यौरा दिया। इस क्षेत्र की कुल 14 जिलों के किसानों के लिए सिंचाई को लेकर किए कार्यों को बताया। हालांकि प्रधानमंत्री के भाषण में इस बार उनकी पार्टी की सरकार को उपलब्धियों का श्रेय न देकर गुजरात की जनता को दिया। प्रधानमंत्री चुनावी सभा में लोगों से यह बार-बार कहलाते रहे कि यह विकास राज्य की जनता के परिश्रम से संभव हो पाया है।

### दो चरणों में होने हैं गुजरात चुनाव

गौरतलब है कि गुजरात में दो चरण 1 दिसंबर व 5 दिसंबर को विधानसभा की 182 सीट के लिए चुनाव होंगे। पिछले चुनाव में भाजपा ने 99 व कांग्रेस ने 77 सीट जीती थी।

इस बार भाजपा ने 150 सीट जीतने का दावा किया है जबकि कांग्रेस 125 सीट जीतकर सत्ता में वापसी का दावा कर रही है। नानापोडा की कपराडा विधानसभा सीट वर्ष 1998 के बाद के किसी भी चुनाव में भाजपा के हाथ नहीं लग सकी है।

## बीते 24 घंटे में देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,132 नए मामले आए



**नई दिल्ली।** भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,132 नए मामले सामने आने से देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,46,60,579 हो गई है। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 16,243 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से मृतक संख्या बढ़कर 5,30,500 हो गई है। वहीं दिल्ली की बात करें तो दिल्ली में शनिवार को कोविड-19 के 68 नये मामले सामने आए, जबकि संक्रमण दर 1.37 प्रतिशत रही। इस दौरान संक्रमण से एक मरीज की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी ताजा बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने अपने ताजा बुलेटिन में कहा है कि शनिवार को नये मामले सामने आने के बाद राजधानी में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 20,06,511 हो गई।

## उपचुनाव : बीजेपी में शिवचंद साहू ने जताई टिकट दावेदारी

**जयपुर।**

बीजेपी में चूरू जिले की सरदार शहर विधानसभा सीट के लिए दावेदारी का दौर शुरू हो गया है। 5 दिसम्बर को विधानसभा उपचुनाव का मतदान और 8 दिसम्बर को रिजल्ट घोषित होने का दिन है। समय कम बचा है, इसलिए बीजेपी में टिकट पर मंथन भी तेजी से हो रहा है। रविवार को प्रदेश बीजेपी मुख्यालय पहुंचकर बीजेपी के पूर्व प्रदेश प्रमुख विधि प्रकल्प, विधि प्रकोष्ठ के पूर्व सह-संयोजक और सरदार शहर पंचायत समिति के पूर्व सदस्य एडवोकेट शिवचन्द साहू ने पार्टी के 3 सीनियर नेताओं- प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर और से मुलाकात कर सभी को अपना बायोडेटा पेश कर टिकट की उम्मीदवारी जता दी है।

## सम्पादकीय

# आतंक का मंसूबा

**पाकिस्तान** में आतंकवाद सेना और वहां की खुफिया एजेंसी का एक प्रमुख हथियार है। ये दोनों इसका इस्तेमाल न सिर्फ भारत के खिलाफ करते हैं, बल्कि अपने विरोधियों या जिनके चलते उनके लिए असहज स्थिति उत्पन्न होती है, उनके विरुद्ध अपने देश में भी करने से गुरेज नहीं करते। इसका ताजा उदाहरण वहां के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर हमला है। सब जानते हैं कि सेना प्रमुख से इमरान खान का मनमुटाव होने वजह से उनकी सरकार पलट दी गई थी। इस समय वे सत्ता के खिलाफ देश में विरोध मार्च निकाले हुए हैं। यह बात वहां के सेनाधिकारियों और खुफिया एजेंसी आइएसआइ को बुरी तरह खटक रही थी। बताया जा रहा है कि यह हमला उन्हीं के इशारे पर हुआ। गनीमत है कि गोली इमरान खान के पैर में लगी और वे बच गए। जिस व्यक्ति ने गोली चलाई, वह उनके काफिले के साथ चल रहा था और उनके वाहन के करीब से अत्याधुनिक स्वचालित हथियार से गोली दागी। हालांकि यह समझना मुश्किल है कि उस काफिले की सुरक्षा व्यवस्था में इस तरह की खामी कैसे रखी गई कि कोई हथियारबंद आदमी पूर्व प्रधानमंत्री के वाहन के करीब तक पहुंच गया। पाकिस्तान अपने एक प्रधानमंत्री को ऐसी ही स्थितियों में खो चुका है, फिर भी उससे सबक लेना क्यों जरूरी नहीं समझा गया। मगर यह ज्यादा हैरानी का विषय इसलिए नहीं है कि जिन लोगों पर इमरान खान की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, जब वही उनसे असहज महसूस कर रहे हैं, तो किसी हमलावर का उनके काफिले में घुस जाना कोई मुश्किल काम नहीं हो सकता। दरअसल, इमरान खान अब तक के प्रधानमंत्रियों से अलग मिजाज के व्यक्ति हैं।


अब तक वहां के प्रधानमंत्री एक तरह से सेना और आइएसआइ के इशारे पर चलते रहे हैं। वहां की सेना किस कदर ताकतवर है, यह सब जानते हैं। वह वहां की समांतर सत्ता की तरह काम करती है। जो प्रधानमंत्री उसके विरुद्ध जाने का प्रयास करता है, उसका तख्ता पलट करने में भी देर नहीं लगाती। मगर इमरान खान ने अनेक मौकों पर सेना की सलाह मानने से इनकार कर दिया, जिसकी वजह से सेनाध्यक्ष और उनके बीच तल्खी बनी रही। दरअसल, इमरान खान पाकिस्तान की तरक्की के लिए योजनाएं बना रहे थे और इस क्रम में वे उन देशों से भी रिश्ते बेहतर करने का प्रयास कर रहे थे, जिनसे कड़वाहट बनी रहती है। पाकिस्तानी सेना चूंकि अपनी सत्ता इसीलिए कायम रखे हुए है कि वह हर समय हिंदुस्तान से जंग का माहौल बनाए रखती है। यह माहौल वहां के हुक्मरानों को भी रास आता है, क्योंकि इससे उन्हें देश की बदहाली की तरफ देखने का मौका नहीं मिल पाता। इमरान खान देश के बुनियादी ढांचे को बदलना चाहते थे। इस तरह सेना की ताकत कम होती। इसीलिए इमरान खान की सरकार गिरा दी गई। अब जब उन्होंने देश की अवाम को सत्ता और सेना की हकीकत बताने के मकसद से विरोध मार्च निकाला, तो बताया जा रहा है कि उन्हें रास्ते से ही हटा देने की योजना बनाई गई। हालांकि हमलावर गिरफ्तार हो चुका है और उसका कहना है कि इमरान खान की बातों से वह परेशान हो उठा था। मगर दुनिया के सामने एक बार फिर वहां के निजाम की हकीकत खुल चुकी है। पता नहीं वहां की सेना और खुफिया एजेंसी कब इस बात को समझ पाएगी कि आतंकवाद का यह भस्मासुर उसके सिर पर भी हाथ रख सकता है।

# तीन दशकों से दो पार्टियों के बीच रही लड़ाई क्या इस बार बदलेगा गुजरात का समीकरण?

**गुजरात में आदिवासी मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, आदिवासी समुदाय के मुद्दों की उपेक्षा एवं आदिवासी नेताओं की उदासीनता के कारण इस बार भी यह समुदाय नाराज दिख रहा है। सीटों के बटवारे के समय उचित एवं प्रभावी उम्मीदवारों का चयन करके इस नाराजगी को दूर किया जा सकता है। आदिवासी समुदाय ऐसा उम्मीदवार चाहता है जो उनके हितों की रक्षा करें एवं आदिवासी जीवन के उन्नत बनाये। इनदिनों आदिवासी संत गणि राजेन्द्र विजयजी का नाम भी उम्मीदवारों की सूची में होने की चर्चा है। ऐसे ही उम्मीदवारों से आदिवासी समुदाय के वोटों को प्रभावित किया जा सकता है। गुजरात चुनाव में मुद्दे तो बहुत से हैं। मुख्य मुद्दा तो मोरबी में हुआ पुल हादसा बन सकता है। जाहिर है, विपक्ष इसे चुनावी मुद्दा बनाकर भाजपा पर तीखें वार करेंगी। यहां आम मतदाताओं में सत्तारूढ़ दल के प्रति कुछ असंतोष दिखाई देता है। खासकर पेंशन योजना को लेकर, क्योंकि यहां सरकारी कर्मचारियों की संख्या काफी ज्यादा है, जो चुनाव में तुलनात्मक रूप से कहीं ज्यादा असरकारक होते हैं।**

**चुनाव** आयोग द्वारा 3 नवंबर को गुजरात विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक सरगर्मिया तेज हो गयी है। किसी भी राष्ट्र एवं प्रांत के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत स्तंभ होता है। राष्ट्र के प्रत्येक व्यस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं, अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाती है। गुजरात की जनता इन चुनावों में किसकों तिलक करेंगी, यह भविष्य के गर्भ में है। भले ही 1995 से ही भाजपा लगातार मजबूती से चुनाव जीतती रही है, क्या इस बार भी वह यह इतिहास दोहरायेगी? कांग्रेस यहां सफल एवं सक्षम प्रतिद्वंद्वी रही है, पिछली बार सत्ता के करीब पहुंचने में वह एक बार फिर चुकी थी, क्या इस बार वह ऐसा कर पायेगी? आम आदमी पार्टी दिल्ली जैसा कोई चमत्कार घटित कर पायेंगी? इन सवालों के बीच मुख्य टक्कर तो इस बार भी भाजपा एवं कांग्रेस के बीच है, तीसरे मजबूत दल के अभाव को दूर करते हुए आम आदमी पार्टी ने अपनी उपस्थिति से भाजपा एवं कांग्रेस दोनों को ही कड़ी टक्कर देती दिख रही है। दोनों ही दलों की इस बार राह कुछ ज्यादा कठिन जान पड़ती है, क्योंकि आप की सफल दस्तक से यहां का चुनावी समीकरण बदलता दिख रहा है, यह चुनाव त्रिकोणात्मक होता दिख रहा है। आप नेता अरविंद केजरीवाल कई महीनों से प्रखर होकर प्रचार कर रहे हैं, जिसका असर भी दिखने लगा है। झाड़ू लोगों का भरोसा जीत पाएगी या नहीं, यह कह पाना मुश्किल है। इस बार का चुनाव मजेदार होने के साथ संघर्षपूर्ण होगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है। चुनावों का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी, यह समय के गर्भ में है। पर एक संदेश इस चुनाव से मिलेगा कि अधिकार प्राप्त एक ही व्यक्ति अगर ठान ले तो अनुशासनहीनता एवं भ्रष्टाचार पर नकेल डाली जा सकती है। लोगों का विश्वास जीता जा सकता है। सुशासन स्थापित किया जा सकता है।

182 विधानसभा सीटों की यह विधानसभा क्या एक बार फिर भाजपा को सत्ता पर बिठायेगी? यह प्रश्न राजनीतिक गलियारों में सर्वाधिक चर्चा में है। भले ही त्रिकोणात्मक परिदृश्यों में भाजपा की राह भी संघर्षपूर्ण बन गयी है। क्योंकि इस बार के चुनाव नये परिवेश एवं नवीन स्थितियों के बीच त्रिकोणीय होंगे। यहां के पिछले उप–चुनाव भी त्रिकोणीय संघर्ष के संकेत दे रहे हैं। मगर इस संघर्ष में एक तरफ भाजपा है, तो दूसरी तरफ आप और कांग्रेस। मौजूदा स्थिति यही उजागर कर रही है कि यहां भाजपा व दूसरी पार्टियों के बीच सीधा मुकाबला है। यहां के मतदाता भाजपा, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित हैं। इसीलिए नजर इस बात पर होगी कि गुजरात चुनावों में दूसरे और तीसरे पायदान पर कौन सी पार्टी कब्जा करती है? भले ही स्थानीय निकाय के चुनावों में, खासकर सूरत के इलाकों में आप ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे उसे नई ऊर्जा मिली है, मगर यह



जोश जीत में कितना बदल पाएगा, इस बारे में अभी कुछ भी कहना मुश्किल है। पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा ने ढाई फीसदी वोट प्रतिशत का इजाफा करते हुए 41.4 प्रतिशत वोट के साथ स्पष्ट बहुमत से 7 सीटें अधिक लेकर 99 सीटें हासिल की एवं सरकार बनायी। उस समय भी मोदी के ही जादू ने असर दिखाया, जादू तो इस बार भी मोदी ही दिखायेंगे। लेकिन एक प्रभावी नेतृत्व एवं आपसी फूट के कारण भाजपा की स्थिति जटिल होती जा रही है। हर चुनाव में सरकारी कर्मचारियों के मूड को भांपने का प्रयास किया जाता है। नाराज कर्मचारियों एवं उपेक्षित आदिवासी समुदाय– इन दो मुद्दों पर सकारात्मक सोच से भाजपा अपनी कमजोर जड़ों की काट कर सकती है। अब तो चुनावी टिकटों का बंटवारा ही एकमात्र हल है। भाजपा ने इसके खिलाफ भी कमर कस ली है। उसने करीब एक–तिहाई मौजूदा विधायकों का टिकट काट दिया है और नए चेहरों पर भरोसा किया है। एक और प्रभावी कोशिश में उसने करीब एक साल पहले यहां का पूरा मंत्रिमंडल बदल दिया था। यहां तक कि नए मुख्यमंत्री की भी ताजपोशी की गई थी। यह सब इसलिए किया गया, ताकि राज्य सरकार के खिलाफ यदि लोगों में कोई असंतोष है, तो उसको दबाया जा सके। साफ है, यहां भाजपा की कोशिश न सिर्फ चुनाव जीतने, बल्कि बड़े अंतर से मैदान मारने की है। गुजरात चुनाव में आप की उपस्थिति एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। भाजपा एवं कांग्रेस में भारी अंतर्कलह है। नतीजतन, कई बागी नेताओं को आप ने टिकट दिये हैं। निश्चित ही ये बागी अपनी पूर्व पार्टी का नुकसान करेंगे। जाहिर है, इससे यहां चुनावी समीकरण नया रूप लेता दिख रहा है, जिससे मुकाबला कांटे का हो सकता है। आप मुकाबले को तिकोना बना रही है। सबकी नजरें इस बात पर हैं कि यह पार्टी भाजपा और कांग्रेस में से किसके कितने वोट काटती है। कांग्रेस का जोर इस बार रैलियों और आम सभाओं के बजाय डोर टु डोर चुनाव अभियान पर है और उसका दावा है कि यह फलित होगा। मगर बीजेपी के पक्ष में सबसे बड़ी चीज है उसकी मजबूत चुनाव मशीनरी, दूसरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वप्रिय छवि और तीसरा गृहमंत्री अमित शाह का करिश्माई चुनावी प्रबन्धन एवं प्रभाव। कांग्रेस के पास ऐसी स्थितियों का सर्वथा अभाव है। किसी दौर में भले ही कांग्रेस यहां मजबूत दल हुआ करती थी लेकिन अब वह काफी कमजोर लग रही है।

## आज का राशिफल

### मेष
उगाही एवं प्रवास के लिए आज का दिन अच्छा है। व्यापार से सम्बंधित कामों के लिए लाभदायी शुरुआत रहेगी। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा। शेयर-सट्टे में आर्थिक लाभ होगा। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी।

### वृषभ
आज अनुकूलता और प्रतिकूलता से भरा दिन रहेगा। व्यापार में कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। आलस्य और चिंता बनी रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखें। विरोधियों के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

### मिथुन
आग और पानी वाली जगहों से बचकर रहें। लेन-देन के मामलों में लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। बच्चों की प्रगति से मन खुश रहेगा। गृहस्थ जीवन में खुशी बिखरी रहेगी। खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें।

### कर्क
नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा का अनुभव करेंगे। अनैतिक काम आपको विपत्ति में डाल सकते हैं। संभव हो, तो उससे दूर रहें। आकस्मिक प्रवास का योग बनेगा। दोपहर में कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

### सिंह
कोई पुरानी चिंता दूर हो सकती है। लेखन या साहित्यिक प्रवृत्ति में आपकी विशेष रुची रहेगी। व्यापार में विकास होने से नई योजनाएं अमल में आएगी। फिर भी अधिकारी के साथ वाद-विवाद में न पड़ें।

### कन्या
किसी के साथ आज इमोशनल संबंध में बंध सकते हैं। उस सम्बन्ध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे। आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन खुश रहेगा। मित्रों का साथ मिलने से आनंद दोगुना हो जाएगा।

### तुला
वाहन चलाते समय ध्यान रखें। क्रोध पर संयम रखें। वाणी उग्र न हो जाएं इसका ध्यान रखें। नए काम को आरंभ करने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आज आप प्रयास शुरू कर सकते हैं।

### वृश्चिक
व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति का प्रबल योग है। ब्याज, दलाली आदि से इनकम में वृद्धि होने की संभावना है। अच्छे वस्त्र और अच्छे खान-पान से मन खुश रहेगा। छोटे प्रवास या पर्यटन का योग है।

### धनु
वस्त्र-आभूषण की खरीदी आप के लिए रोमांचक और आनंददायी रहेगी। व्यापार में कोई कठिन काम बन जाने से आपके मन में उल्लास छाया रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए भी समय अनुकूल रहेगा।

### मकर
आज का दिन मध्यम फलदायी है। शारीरिक ताजगी और मानसिक प्रसन्नता का अभाव रहेगा। परिवार में उग्र वातावरण रह सकता है। सामाजिक जीवन में मानहानि का प्रसंग बन सकता है। वाणी पर कंट्रोल रखें।

### कुंभ
आज संपत्ति के कामों में बहुत ध्यान रखना होगा। व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल है। भाई-बंधुओं का व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा। दोपहर के बाद शारीरिक और मानसिक अनुकूलता रहेगी।

### मीन
आज स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आज का दिन आध्यात्मिक प्रवृत्ति के लिए बहुत अच्छा है। आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। मन में जो दुविधा है, उसका निराकरण हो जाएगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# प्री-डायबिटीज का पता चलने पर करें ये काम, कंट्रोल रहेगा ब्लड शुगर और टलेगा डायबिटीज का खतरा

जब शरीर में मौजूद ब्लड शुगर का स्तर अगर लंबे समय तक सामान्य से अधिक रहता है तो इस स्थिति को प्री–डायबिटीज कहा जाता है। प्री–डायबिटीज की समस्या का अगर सही समय पर निदान होता है तो इसे कंट्रोल में कर आप डायबिटीज का शिकार होने से बच सकते हैं। प्री–डायबिटीज की स्थिति आपको यह इशारा करती है की आपको अब डायबिटीज के प्रति सचेत हो जाना चाहिए। अगर खाने के बाद 175 से ऊपर और फास्टिंग में 124 तक आता है तो इसे प्री–डायबिटीज की स्थिति कहा जाता है।




### भोजन की आधी प्लेट फल और सब्जियों से भरें
फल और सब्जियां पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं इनमें फाइबर अधिक मात्रा में होता है और कैलोरी कम होती है। साथ ही इनमें एंटीऑक्सीडेंट और फाइटोकेमिकल्स मौजूद होते हैं। जो इंसुलिन रेजिस्टेंस में सुधार करने में मदद करते हैं, इससे ब्लड शुगर को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

### तनाव को मैनेज करें
तनाव आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। यह आपकी इम्यूनिटी को कमजोर करता है और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। जिससे कई रोगों से ग्रसित होने का जोखिम बढ़ता है। वहीं तनाव वजन बढ़ाने में भूमिका निभा सकता है और अनियंत्रित ब्लड शुगर का कारण बन सकता है। एक्सरसाइज, मेडिटेशन या सांस संबंधी व्यायाम करने से तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है।

### पर्याप्त नींद लें
जब आपकी नींद पूरी नहीं होती है या आप कम सोते हैं तो आपका व्यवहार चिड़चिड़ा हो जाता है। नींद की कमी आपके शरीर की इंसुलिन की प्रतिक्रिया को प्रभावित कर सकती है। कम नींद लेने से शरीर में तनाव हार्मोन का स्तर बढ़ता है, जो इंसुलिन को प्रभावित करता है।

### अल्कोहल का सेवन न करें
अल्कोहल का अधिक सेवन करने से टाइप 2 डायबिटीज का जोखिम बढ़ता है। साथ ही इससे अग्नाशय में सूजन की समस्या हो सकती है। इससे हमारा अग्न्याशय इंसुलिन का स्राव ठीक से नहीं कर पाता है। अगर फिर भी आप अल्कोहल का सेवन करते हैं तो एक या दो ड्रिंक से ज्यादा नहीं।

### एक्टिव रहें
गतिहीन जीवनशैली डायबिटीज के मुख्य कारणों में से एक है। अगर आप शारीरिक रूप से एक्टिव नहीं रहते हैं तो इससे टाइप 2 मधुमेह के विकास का जोखिम बढ़ता है। इसलिए रोजाना एक्सरसाइज जरूर करें। दिन में सिर्फ 30 मिनट सामान्य व्यायाम जैसे पैदल चलना, स्विमिंग आदि डायबिटीज के जोखिम को कम करने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं।

# फैटी लिवर से छुटकारा पाने के लिए जीवनशैली में करें ये बदलाव, मिलेगा फायदा

लिवर हमारे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। इन दिनों बहुत से लोग लिवर संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। जिनमें फैटी लिवर सबसे आम है। फैटी लिवर की समस्या दो तरह की होती है एक अल्कोहलिक और दूसरा नॉन–अल्कोहलिक फैटी लिवर। जो आपके लिवर को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। लेकिन क्या आप जानते हैं जीवनशैली में कुछ मामूली बदलावों के साथ फैटी लिवर की समस्या से आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है लिवर और अग्न्याशय पित्त दोष से प्रभावित होने वाले अंग हैं। अगर यह स्वस्थ नहीं रहते हैं तो हेपेटाइटिस, पीलिया और सिरोसिस जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**लिवर शरीर में क्या काम करता है :** लिवर शरीर के विभिन्न कामकाज में अहम भूमिका निभाता है। यह शरीर में कार्बोहाइड्रेट को मेटाबॉलाइज करने, विटामिन ए, डी, ई, के और बी 12 को स्टोर करने, फैट को ऊर्जा में परिवर्तित करने, कोलेस्ट्रॉल को संश्लेषित और विनियमित करने का कार्य करता है। साथ ही शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के लिए कार्बोहाइड्रेट से प्राप्त अतिरिक्त ग्लूकोज को संग्रहीत करता है। जब हमारा लिवर अपना काम ठीक से नहीं करता है तो यह शरीर में कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को बढ़ाता है। इसलिए लिवर को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है।

**शरीर को स्वस्थ वजन को बनाए रखें :** शरीर का वजन बढ़ना या मोटापा कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को बढ़ाता है। जिनमें से एक फैटी लिवर भी है। इसलिए आपको हमेशा अपने वजन को कंट्रोल में रखना चाहिए। स्वस्थ और पोषक तत्वों से भरपूर आहार लें। गतिहीन जीवनशैली को फॉलो न करें। रोजाना एक्सरसाइज करें, दिन में सिर्फ 30 मिनट एक्सरसाइज या योग का अभ्यास वजन नियंत्रण में बेहद लाभकारी साबित हो सकता है। इससे मोटापा भी कम होगा।

**घर पर बना खाना ही खाएं :** हमें में से कुछ लोगों की आदत होती है कि जब भी घर से बाहर निकलते हैं या ऑफिस जाते हैं तो घर से बना खाना खाने की बजाए, बाहर का खाना बहुत अधिक खाते हैं। जंक फूड्स और प्रोसेस्ड फूड फैटी लिवर की समस्या को बढ़ा सकते हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करें कि आप जब भी घर से बाहर जाएं तो घर से खाना लेकर जाएं।



### भोजन स्किप न करें
जब आप अपने भोजन को स्किप करते हैं या फास्टिंग करते हैं तो यह शरीर में पित्त दोष को बढ़ाता है। साथ ही यह आपके पाचन और मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करता है। जो वजन बढ़ाने में योगदान देता है और शरीर में चर्बी को बढ़ाता है। इसलिए भले ही आप थोड़ा–थोड़ा खाएं लेकिन भोजन को स्किप न करें या दो मील के बीच लंबा गैप न रखें।

### योग और मेडिटेशन का अभ्यास करें
योग और मेडिटेशन का अभ्यास करना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। इससे तनाव, चिंता और डिप्रेशन जैसी स्थितियों से निपटने में मदद मिलती है और मन शांत रहता है। साथ ही अच्छी नींद लेने में भी मदद करती है। फैटी लिवर की समस्या में योग और मेडिटेशन का अभ्यास बेहद लाभकारी साबित हो सकता है।

### देर रात भोजन न करें और रात को जल्दी सो जाएं
देर रात भोजन करने से आपके शरीर में भोजन ठीक से पच नहीं पाता है। यह सिर्फ शरीर का वजन बढ़ाने में योगदान देता है और शरीर में चर्बी को बढ़ाता है। साथ ही रात में कोशिश करें कि आप 10 बजे तक सो जाएं, और कम से कम 8 घंटे की एक अच्छी नींद लें।

# स्किन के लिए अखरोट के छिलके होते हैं बेहद फायदेमंद

अखरोट एक स्वादिष्ट और सेहतमंद ड्राई फ्रूट्स है, जो आपके शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। साथ ही पूरे दिन एनर्जी भी देता है। इसमें मौजूद पोषक तत्वों आपको कई बीमारियों से बचा सकते हैं। अखरोट स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। इसमें पाया जाने वाला ओमेग–3 फैटी एसिड स्किन के लिए काफी उपयोगी होता है। लेकिन क्या आपको पता है कि स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए आप अखरोट के छिलके का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इससे स्किन के डेड सेल्स बाहर निकल जाते हैं और त्वचा निखरी हुई नजर आती है। साथ ही त्वचा के दाग–धब्बों को दूर करता है। अखरोट के छिलके का पाउडर स्किन को निखारने के साथ ही आपकी स्किन



जवां और सूदिंग बनाए रखने में मदद करता है।

**डेड स्किन सेल्स से छुटकारा :** डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए आप अखरोट के छिलके के पाउडर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल चेहरे पर करने से नई कोशिकाएं निखरकर आती है। यह मृत कोशिकाओं को बाहर निकालकर चेहरे के नीचे की साफ त्वचा को बाहर लाने में मदद करती है। अखरोट के छिलके से आप घर पर फेसपैक बना सकते हैं। इससे स्किन जवां और खूबसूरत नजर आती है। इसका पैक बनाने के लिए आप अखरोट के छिलके से बना पाउडर, शहद और गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद :** अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो अखरोट का छिलका आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। अखरोट के छिलके से बना पाउडर आपकी ऑयली स्किन को साफ करता है और तैलीय त्वचा से तेल कम करता है। साथ ही इससे रोमछिद्र भी साफ हो सकते हैं। ऑयली स्किन के कारण आपकी स्किन चिपचिपी और उदास नजर आती है।

**दाग–धब्बों को साफ करे :** आजकल के प्रदूषण और गंदगी भरे माहौल में स्किन में कई तरह के धूल–मिट्टी जमा हो जाती है। ऐसे में अंदर से स्किन की सफाई करना बहुत जरूरी होता है ताकि स्किन ग्लोइंग और खूबसूरत नजर आए। अखरोट का छिलका आपकी स्किन के रोमछिद्र को साफ करके स्किन को क्लीयर बनाता है और दाग–धब्बे दूर करता है। इसके लिए आप गुलाब जल, नींबू और अखरोट पाउडर का पैक बना सकते हैं।

**ब्लैकहेड्स दूर करे :** ब्लैकहेड्स आपके चेहरे की खूबसूरती को बिगाड़ सकता है। साथ ही स्किन इसकी वजह से साफ नजर नहीं आती और जहां–तहां धब्बे और ब्लैकहेड्स नजर आते हैं।

# गरुड़ वाहन पर नगर भ्रमण को निकले भगवान

## मूंडवा के वैंकटेश मंदिर में चल रहा है वार्षिक ब्रह्मोत्सव

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे के श्रीवेंकटेश्वर भगवान मंदिर में इन दिनों वार्षिक ब्रह्मोत्सव का आयोजन चल रहा है। इसी ब्रह्मोत्सव के तहत रविवार सायं छः बजे भगवान को गरुड़ वाहन पर आरूढ़ करते हुए नगर सवारी निकाली गई। यह सवारी श्रीवेंकटेश्वर भगवान के मंदिर से प्रारम्भ हुई जो नगर के विभिन्न मोहल्लों से होती हुई। इससे पूर्व भगवान के विग्रह को विधि विधान से गरुड़ वाहन पर आरूढ़ किया गया। मारवाड़ मूंडवा कस्बे में हुबहु तिरूपति बालाजी की प्रतिमा है, जिससे इस मंदिर को मारवाड़ के तिरूपति के नाम से जाना जाता है। यहां सारी पूजा पद्दति वैसी ही है जैसी तिरूपति बालाजी मंदिर में है। इन दिनों इस मंदिर में वार्षि ब्रह्मोत्सव का आयोजन चल रहा है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ साथ यहां के प्रवासी जन भी जुटे हुए है। सब मिलकर इस ब्रह्मोत्सव को भव्य बनाने में जुटे हुए है। यह ब्रह्मोत्सव आगामी 7 नवम्बर तक चलेगा।

# राना स्कूल के छात्रों द्वारा बनाये मॉंडल की प्रदर्शनी लगाई

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राना इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में रविवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया, जिसमें स्कूली छात्रों द्वारा बनाये विज्ञान के विभिन्न मॉंडलों की प्रदर्शनी लगाई। इसमें राना इन्टर नेशनल स्कूल के विभिन्न समूहों के छात्रों ने विज्ञान, गणित, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान, भाषा और कंप्यूटर विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल अनेकों मॉंडल बनाए। थर्मोकोल, बेस बोर्ड, कार्टन बोर्ड, चार्ट पेपर और अपशिष्ट पदार्थों का इस्तेमाल करते हुये स्कूल के छात्रों ने एटीएम, हाइड्रोलिक लिफ्ट, वाटर डैम, स्मार्ट सिटी, पवन चक्की, चलने वाले वाहन, सौर मंडल, ज्वालामुखी विस्फोट, सौर मंडल आदि कार्यक्रम के विशेष आकर्षण थे। छात्रों ने मॉंडलों के माध्यम से बैंकिंग व वाणिज्य के क्षेत्र में नवाचार व प्राकृतिक ऊर्जा स्त्रोतों के इस्तेमाल पर जोर दिया। विषय शिक्षक आनंद झा, आईदान राम, अमित कुमार, सचिन पारीक, सौरभ सिंह, भास्कर झा, गुरविंदरजित सिंह आदि ने छात्रों को मॉडल और अधिक रचनात्मक और आकर्षक बनाने में सहयोग करते हुये मार्गदर्शन किया। अपने लाडलों के द्वारा बनाये विभिन्न प्रकार के मॉंडलों को देख कर छात्रों के अभिभावकों ने अपने बच्चों के रचनात्मक कौशल को देखा व खूब सराहना की। स्कूल प्रबंधक रामचंद्र जाजून्दा और प्रिंसिपल सी. एस. सांगवान ने छात्रों को उनके रचनात्मक कौशल और नवीन विचारधाराओं के लिए सराहना की। सांगवान ने कहा कि जिस तरह कृत्रिम ऊर्जा स्त्रोत तेजी से घट रहे हैं। उसको देखते हुए प्राकृतिक ऊर्जा स्त्रोतों पर नयी पीढ़ी की सोच प्रदर्शनी में दिखाई दी। इसके साथ ही बैंकिंग व वाणिज्य के क्षेत्र में छात्रों के मॉडल्स में नये भारत की झलक देखने को मिली।

# दिनीयात तालीम को लेकर निबंध प्रतियोगिता आयोजित



जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार को अब्दुर्रहीम रहीम खां गुज फाउंडेशन द्वारा ईदगाह मस्जिद में जो दिनीयात तालीम को लेकर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मौलाना प्यार मोहम्मद, इमाम मौलाना उस्मान ने प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों का तालीम स्तर परखा। इस दौरान सदर मनवर खां, सचिव अमीरुद्दीन मुल्तानी, सरपंच जाकिर हुसैन, जलालुद्दीन देशवाली, अहसान अली, अब्दुल गफार रिज़वी साहब, दिलदार खान, रफीक, मौलाना फैयाज कारी सरदार मोहम्मद ,अशरफुद्दीन ,उमर गुज सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सीएचए की सेवा बहाली के लिए कोविड स्वास्थ्य सहायकों ने दिया ज्ञापन

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** निकटवर्ती ग्राम जुजंडा में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन समारोह में आए एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बोर्ड के राज्य मंत्री रामेश्वर डूडी और वन और पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी को सीएच ए कर्मी और ग्राम वासियों द्वारा सीएचए की सेवा बहाली के लिए ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के जवाब में बताया गया है कि आपकी सेवाओं के सीएम साहब बहुत ही सकारात्मक है उन्होंने कहा कि मैं आज ही आपकी बात सीएम साहब तक पहुंचा कर आपकी सेवा बाली कराने में मदद करूंगा वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी ने कहा कि आपने कोरोना में बेहतरीन कार्य किया है इसलिए आपकी मांगे जायज है आपने उस परिस्थिति में सरकार का साथ दिया जब कोई एक दूसरे को छूने से भी डरते थे उस स्थिति में आपने अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा की सरकार आपके बारे में अच्छा सोच रही है और जल्दी आपको इस के बेहतरीन परिणाम मिलेंगे इस अवसर पर ग्राम वासियों ने ग्राम संखवास में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नति करने करने की भी मांग की ज्ञापन के दौरान ग्रामीण कोविड हैल्थ असिस्टेंट शेर मोहम्मद गोरी दिनेश लामरोड पूर्व सरपंच अर्जुन राम जी इनानिया लूणकरण दाधीच फारुख मिस्त्री गजेंद्र पारीक हाजी अली मोहम्मद महावीर सोनी राजेंद्र कुमारपूर्व प्रधान मुंडवा जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# शीर्ष दस में से सात कंपनियों का पूंजीकरण 1.33 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली।

इक्विटी बाजारों में तेजी के रुख के बीच शीर्ष दस मूल्यवान कंपनियों में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बीते हफ्ते 1,33,707.42 करोड़ रुपये बढ़ गया। सर्वाधिक बढ़त रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) में दर्ज की गई। पिछले हफ्ते बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 990.51 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़ा। इससे शीर्ष कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# मौत बनकर आया ट्रेलर, अनियंत्रित होकर पेड़ में घुसा, एक की मौत, दो घायल

## पादूकलां थानाक्षेत्र के ग्राम डोडियाना में हुआ हादसा

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागोर डेली न्यूज़ )।** पादूकलां थाना क्षेत्र के गांव डोडियाना मुख्य बस स्टैंड पर रविवार को शाम होते होते एक ट्रेलर अनियंत्रित पर पेड़ से टकरा गया जिससे मौके पर एक हादसा हुआ है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। राष्ट्रीय मुख्यमार्ग एनएच 89 पर स्थित डोडियाना ग्राम के मैन बस स्टैंड पर एक हादसा हुआ है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

अजमेर बीकानेर नेशनल हाईवे 89 पर डोडियाना बायपास पर रविवार दोपहर करीब ढाई बजे ट्रेलर और बाइक की भीषण दुर्घटना में एक कि मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो जने घायल हो गए। जानकारी अनुसार बाइक सवार रामलाल जांगिड़ (58) निवासी सथाना खुर्द कि मौके पर ही मौत हो गई जबकि पारसी देवी (47) पत्नी सुवाराम हुड्डा व युवराज (16) पुत्र रामचंद्र हुड्डा निवासी सुरपुरा ग्राम पंचायत बिखरनिया कलां दोनों घायल हो गए। जिन्हें थांवला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर रेफर किया गया।

**इधर टक्कर से छत्ता टूटा, मधुमक्खियों ने किया मदद कर रहे लोगो पर हमला :** दुर्घटना के बाद असन्तुलित होकर ट्रेलर टकराया पेड़ से जा टकराया, जिससे पेड़ पर लगा बड़ी मधुमक्खियों का छत्ता टूटकर गिर गया। जिससे मक्खियां मदद कर रहे लोगों को काटने लग गई। दुर्घटना के बाद सहायता करने पहुंचे लोगों को काटने लगी मक्खियों के कारण लोग उपाय कर उनकी सहायता की गई। घटना की सूचना पर तुरंत पादूकलां पुलिस व 108 एम्बुलेंस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीण एवं राहगीर मधुमक्खियों से बचाव के उपाय कर दुर्घटना में घायलों की सहायता कर थांवला अस्पताल में पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल पारसीदेवी व युवराज को अजमेर रेफर किया गया। दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। मृतक रामलाल जांगिड़ का पादूकलां अस्पताल में पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# मूण्डवा में दो जगह लगी अज्ञात कारणों से आग



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शहर में दो जगह लगी अज्ञात कारणों से आग, जनधन हानि नहीं हुई। शहर के पोखण्डी तालाब के अंगोर में उगी हुई घास में रविवार को अज्ञात कारण से आग लग गई। आग को ज्यादा फैलते देख आसपास रहने वाले लोगो ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पाकर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया गया। वहीं रविवार को दोपहर के बाद शहर के ज्ञान तालाब अंगोर में भी सुखी घास में आग पकड़ ली। सूखी घास होने के कारण आग तेजी से चारों तरफ बढ़ने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सुचना मिलते ही नगरपालिका दमकल कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे, करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दमकल कर्मियों का कहना है कि पिछले 15 दिनों में लगभग 1520 जगह आग लगने की खबरें आ रही है। जो सबसे ज्यादा खेतों एवं अंगोरों में उगी सूखी घास में आग लगी हैं।

# नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर 9 को

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में रामानन्द चन्द्र कुमार वर्मा के सौजन्य से जिला अन्धता निवारण समिति जयपुर एवं शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर के सहयोग से गोल प्याऊ स्थित माहेश्वरी भवन मे 9 नवंबर बुधवार को नि:शुल्क नेत्र जांच एवं लेन्स प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जायेगा। ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने बताया शिविर में प्रात: 10 से दोपहर 1 बजे तक शंकरा अस्पताल जयपुर की चिकित्सक टीम द्वारा रोगियों को जांच कर ऑपरेशन के लिये चयन किया जायेगा चयनित रोगियों को बस द्वारा शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर ले जाकर लेन्स प्रत्यारोपण किये जायेंगे। क्लब अध्यक्ष लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत ने बताया रोगियों के भोजन, आवास, चश्में एवं दवाइयों की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी।

# जनाणा के राजकीय विद्यालय में 66वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ





अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** निकटवर्ती गांव जनाणा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को 66वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रेवंत राम डांगा प्रधान प्रतिनिधि मूंडवा अध्यक्ष मानाराम पचार सीबीईओ मूंडवा और संरक्षक सांवरराम लालरिया सरपंच प्रतिनिधि जनाणा रहे। मुख्य अतिथि रेवंत राम डांगा ने विद्यार्थी जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला व खेल भावना का प्रदर्शन करने का आह्वान किया। अध्यक्ष मानाराम पचार ने स्वस्थ शरीर के लिए खेल को आवश्यक बताया। संरक्षक सांवरराम लालरिया ने प्रतियोगिता के लिए हरसंभव सहयोग का वादा करते हुए भामाशाहों को आर्थिक सहयोग के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में राउमावि जनाणा के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर आईदानराम अडिंग पूर्व सरपंच, मूलाराम भाकल, पूर्व सरपंच जगदीश खोजा सरपंच पालडी जोधा, श्यामलाल सांगवा सरपंच प्रतिनिधि बू नरावता, नारायण राम भाकल समाज सेवी, भजन लाल गौड़ पंचायत समिति सदस्य, रामनिवास भाकल सीएचओ, मदनलाल भाकल, नरसिंह राम इनानियां आरपी, रामप्रसाद कासनिया कार्यवाहक प्रधानाचार्य, नथुराम खुडखुडियां, महेंद्र राम गालवा, मजीद, नाथूराम बाज्या, रामकिशोर जाजडा, बस्तीराम खोजा सूर्य प्रकाश जाखड़, सूर्यप्रकाश, गणपत लाल गौड़, रामफल मीणा, सहदेव ईनाणियां शारीरिक शिक्षक और गजेन्द्र गेपाला सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# आचार्य महाश्रमण के तीन दिवसीय लाडनूँ प्रवास पर होंगे अनेकों कार्यक्रम

## जैन विश्वभारती में गुरुदेव आगमन की चल रही विशेष तैयारियां

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ में गुरुदेव आचार्य महाश्रमण के तीन दिवसीय लाडनूँ प्रवास के दौरान दर्जनों कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिनको लेकर जैन विश्वभारती संस्थान में तैयारियां शुरू हो गई है। जेविभा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर बच्छराज दुगड़ ने बताया कि अनुशास्ता आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य एवं राज्यपाल कलराज मिश्र के मुख्य आतिथ्य में सुधर्मा सभा में आयोज्य 13वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर यहां कुल 11 कमेटियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

**यह रहेगा कार्यक्रम :** राजेन्द्र खटेड ने बताया कि 11 नवम्बर को प्रात: 9.30 बजे आचार्य महाश्रमण अपनी धवल सेना के भव्य जुलूस के साथ जैनविश्व भारती में प्रवेश करेंगे। इसके पश्चात 10 बजे सुधर्मा सभा में लाडनूँ के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा उनका नागरिक अभिनन्दन किया जाएगा। प्रवास के दूसरे दिन 12 नवंबर को जैन विश्व भारती विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आचार्य महाप्रज्ञ प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र का उद्घाटन प्रात: 8 बजे अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण के सान्निध्य में किया जाएगा। इस समारोह में केन्द्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अर्जुनराम मेघवाल, जैन विश्व भारती के अध्यक्ष अमरचंद लूंकड़ व कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। इस नवनिर्मित प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र के भवन अनुदानदाता सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी पदमचंद भूतोड़िया, कमल किशोर ललवानी व जयंतीलाल सुराणा तथा उपकरण अनुदानदाता सुप्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी राकेश कठोतिया भी उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेंगे। वंही इसके बाद सुधर्मा सभा मे भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित होगा जिसमे राज्यपाल कलराज मिश्र बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। गुरुदेव के प्रवास के अंतिम दिन 13 नवम्बर को हरियाणा श्रावक सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें हरियाणा प्रान्त से करीब एक हजार लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। गुरुदेव के तीन दिवसीय प्रवास के दौरान यहां अनेकों कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# वाहनों का जाम लगने से वाहन चालकों व ग्रामीणों की बढ़ी परेशानियां



श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे में बस स्टैंड से लेकर गणगौरी चौक तक प्रतिदिन जाम लगना आम बात हो गई है। इससे वाहन चालकों व राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। बस स्टैंड पर स्थित दुकानो पर आने ग्राहक अपने वाहनो सड़क पर आड़ी तिरछी खड़ी कर देते है, जिससे प्रतिदिन दो तीन बार जाम लगने से आमजन की परेशानियां बढ़ रही है। साथ ही बस स्टैंड से लेकर गणगौरी चौक तक जगह जगह सब्जियों हाथ थैले खड़े हो जाते है। जो इस समस्या ओर बढ़ा देते है। जाम की समस्या के चलते अधिकतर रोडवेज बसे बाईपास निकल रही है। जो यात्रियो के लिए परेशानी का सबब बन गया है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत प्रशासन से गुहार लगाई कि सब्जी विक्रेताओ के लिए एक जगह निश्चित कर दें, जिससे जगह-जगह हाथ थैला लगाना बंद किया जाय। साथ ही दुकानदारो को पाबंद किया जाए।

आमजन छोटे कार्यो के वाहनो का प्रयोग कम करे। जरुरी होने पर प्रयोग करें, जिससे प्रदूषण कम होगा, साथ ही धन की बचत होगी। जाम की समस्या से निजात मिलेगी।

# ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर रहे उपमुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी

हितेश रारा



**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** नावां उपखंड मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम गोगौर में किरडोलिया परिवार में श्री बालाजी महाराज की सवामणी प्रसादी जन्म उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार छोटी देवी स्वर्गीय रतनाराम के पड़पोत्र व भंवरी देवी जैसा राम के सुपोत्र नावां सरपंच संघ अध्यक्ष मंजू देवी सरपंच भूणी राजेश कीरडोलिया के पुत्र रत्न प्राप्ति के उपलक्ष में श्री बालाजी महाराज की सवामणी प्रसादी का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। जैसाराम किरडोलिया ने बताया कि शनिवार को प्रात: 8:15 बजे से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ किया गया व रविवार को प्रात: 10:15 हवन उद्यापन का कार्यक्रम धूमधाम के साथ आयोजित हुआ। दोपहर 11:15 जन्म उत्सव कार्यक्रम व 1:15 भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्य सचेतक व स्थानीय विधायक महेंद्र चौधरी सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी, सरपंच गण, जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी का माला व साफा बंधन कर जोरदार स्वागत सत्कार किया गया। पांचोता कुंड धाम के महंत श्री हरिदास जी महाराज भी कार्यक्रम में पहुंचे व किरडोलिया परिवार सहित उपस्थित लोगों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान जिला प्रमुख भागीरथ राम चौधरी, डीडवाना विधायक चेतन डूडी, प्रधान प्रतिनिधि एडवोकेट राजेश गुर्जर, सोलाया सरपंच प्रतिनिधि भागीरथ चौधरी, पांचोता सरपंच महेंद्र सिंह राठौड़, भंवर मायला सरपंच महाराजपुरा, भगवानपुरा सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम गुर्जर सहित कई गणमान्य नागरिकों ने मौजूद रहे।

# महिलाओं को मिले बेहतर चिकित्सा सुविधाएं : डॉ. पायल

## भकरी में महिला रोग परामर्श शिविर का हुआ आयोजन

जुगल दायमा



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार को ग्राम भकरी के बस स्टैंड पर एकदिवसीय महिला रोग परामर्श शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ पायल प्रजापत ने सेवाएं देते हुए 32 महिलाओं की चिकित्सकीय जांच कर परामर्श दिया। इस अवसर पर डॉ. पायल ने कहा कि महिलाओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलनी चाहिए। महिला स्वास्थ्य को लेकर आमजन में जागरूकता जरूरी हैं। इस दौरान डॉ. नरेंद्र सिंह राईका, समाजसेवी यशवंत सिंह राठौड़, सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम सिंह टापरवाड़ा, शिंभूसिंह जैतमाल, विक्रम सिंह, राजवीर सिंह, बांसावड़ा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# युवती ने महिला शिक्षिका पर समलैंगिक विवाह करने का बनाया दबाव

## शादी नहीं करने दस लाख रुपये की डिमांड व ब्लैकमेल करने की दी धमकी

### गिरफ्तारी के डर से युवती ने पुलिस थाने में मचाया बवाल

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ की एक महिला शिक्षिका को मध्यप्रदेश की युवती से सोशल मीडिया पर दोस्ती करना भारी पड़ गया। जब युवती शिक्षिका से शादी कर अपने साथ मध्यप्रदेश ले जाने के लिए लाडनूँ पहुंच गई तो शिक्षिका ने उसके साथ जाने से मना कर इसकी सूचना पुलिस को दे दी।

गिरफ्तारी के डर से युवती ने पुलिस थाने में स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार कर यहां जमकर बवाल मचाया। इसके बाद पुलिस ने युवती को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर किया जहाँ से उसको जेल भेज दिया गया है। डीडवाना डिप्टी गोमाराम चौधरी ने बताया कि वर्ष 2020 में स्पाइसी एप के माध्यम से लाडनूँ के निम्बीजोधा में रहने वाली एक शिक्षिका




की मध्यप्रदेश के सतना निवासी युवती पूजा से दोस्ती हो गई। इसके बाद दोनों एक दूसरे से कॉल पर बाते करने लगी फिर दोनों जयपुर के एक होटल में करीब दो सप्ताह तक साथ रही इसके बाद निरन्तर युवती निम्बीजोधां में शिक्षिका से मिलने भी आती रही। जून 2022 में दोनों वापस जयपुर में मिले वँहा से हरिद्वार जाते समय युवती की गंदी हरकतों से अध्यापिका तंग आ गई, जिसको लेकर दोनों के मध्य विवाद शुरू हो गया और अध्यापिका ने उसके नँबर ब्लॉक कर दिए, जिससे नाराज होकर वह इसके घर वालो को फोन कर परेशान करने लगी।

**नम्बर ब्लॉक किए तो घर पहुंच गई :** जब फोन पर बात करने को मना कर दिया तो युवती 31 अक्टूबर को शिक्षिका से मिलने लाडनूँ निम्बिजोधा आ गई और उसके अपने साथ लेकर जाने और समलैंगिक शादी करने की जिद पर अड़ गई। इससे परेशान होकर पीड़िता टीचर ने लाडनूँ पुलिस थाने में इस मामले की सूचना दी। महिला टीचर का आरोप है कि वह उसको अपने साथ ले जाकर शादी करने का दबाव बना रही है।

समलैंगिक विवाह नहीं करने पर उससे 10 लाख रुपये देने की मांग एंव ब्लैकमेल करने की धमकियां देती रही है लेकिन वह उसके साथ जाने को राजी नहीं है। पुलिस में सूचना देने के बाद गिरफ्तारी के डर से युवती ने स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार किया व पुलिस थाने में जमकर बवाल भी मचाया। मामले की संगीनता को देखते हुए लाडनूँ पुलिस ने युवती के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवती को जायल कोर्ट में पेश किया जहां से न्यायालय ने आरोपिया को जेल भेजने के आदेश दिए हैं।

# प्रजापति छात्रावास की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के श्री श्रीयादे प्रजापति कुम्हार समाज विकास समिति कुचामनसिटी के तत्वावधान में स्टेशन रोड स्थित प्रजापति छात्रावास प्रांगण में प्रजापति छात्रावास की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक डॉ. राजाराम प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में प्रजापति छात्रावास के रहवासीय विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं को और सुदृढ़ करने पर विचार विमर्श किया। बैठक में प्रजापति समाज की छात्र-छात्राओं की उच्च शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कैरियर काउंसलिंग, सेमिनार व विषय विशेषज्ञ कार्यशाला का आयोजन करवाने पर सहमति बनी। इस अवसर पर प्रजापति समाज की शैक्षणिक शासन व प्रशासन में युवाओं की भागीदारी के लिए अच्छे प्रयासों से काम करने पर बल दिया गया। बैठक में आगामी दिनों में प्रजापति समाज स्नेह मिलन, प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में प्रजापति छात्रावास प्रबंध कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ. राजाराम प्रजापति, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य रामूराम सियोटा, लालाराम बाबरिया, मूलचंद नागा, प्रभुराम पीपाड़ा, रामदेव सियोटा, श्रवणराम किरोड़ीवाल, राधेश्याम सियोटा, भंवरलाल प्रजापत मोतीराम भोभरिया, रामनिवास किरोड़ीवाल, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार सहित पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक का संचालन युवा मुकेश कुमार ने किया। बैठक के अंत में वरिष्ठ सदस्य रामदेव सियोटा ने सभी प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों व युवाओं का आभार व्यक्त किया।

# मिशन बरगद टीम ने जीएसटी गार्डन में किया श्रमदान



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** खारिया-हिरानी स्थित सेंट्रल जीएसटी बरगद गार्डन में रविवार को मिशन बरगद टीम द्वारा श्रमदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें टीम के सदस्यों द्वारा बरगद के 350 पौधों में केंचुआ खाद देकर देखभाल की गई। श्रमदान शिविर सुबह 7 बजे से लेकर 10 बजे तक चला। इस दौरान बरगद सरंक्षण फाउंडेशन के संस्थापक नेताराम कुमावत व मिशन बरगद टीम के सदस्य नेमाराम, रामनिवास, दोलाराम, बनवारी, शिवप्रकाश, अशोक, मुकेश, दर्शन, पंकज आदि ने श्रमदान किया। उल्लेखनीय है कि हर रविवार को मिशन बरगद टीम द्वारा श्रमदान शिविर आयोजन किया जाता है जिसमें पौधों की देखभाल करना, खाद-दवाई देना, नष्ट हुए पौधों के स्थान पर दूसरे पौधे लगाना, जाली व ट्री गार्ड को ठीक करना आदि कार्य किए जाते हैं। इस दौरान जीएसटी इंस्पेक्टर राजेश कुमावत ने टीम के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया।

# शिक्षा के साथ-साथ खेल जरूरी : डॉ. धीरज कुमार

### ग्राम पंचायत नारवा में 66वीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

हुक्माराम ताडा

**खींवसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत नारवा की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में 66वीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. धीरज कुमार सिंह एसडीएम खींवसर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल जरूरी है। खेल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। एसडीएम ने खेल की महत्ता से अवगत करवाया एवं विद्यार्थियों को अनुशासन की सीख दी। वही कार्यक्रम के दौरान उम्मेदसिंह राजपुरोहित(प.स. सदस्य,प.स.) खींवसर ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल से आपसी प्रेम व



भाईचारा मिलता है। खेल हार जीत का एक सिक्के का पहलू है। इसलिए हार हुए खिलाड़ियों को निराश नहीं होना चाहिए। राजपुरोहित ने खिलाड़ियों को खेलने के लिए आत्मविश्वास का पाढ़ पढ़ाया। इस मौके पर सुंदर सियाग सरपंच, नारवा कलां ने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने का संदेश दिया। इस मौके पर कांटिया सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश सारण ने कहा कि खिलाड़ियों को जिस खेल में रुचि है वही खेल खेलना चाहिए ताकि आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि श्रवण सियाग ने कहा कि हॉकी खिलाड़ियों में बालिकाओं को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर रघुवीर सिंह ने कार्यक्रम में आए जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं खेल को देखने के लिए दिन भर खेल प्रेमियों ने आनंद उठाया।

**इनके बीच हुए उद्घाटन मैच :** रविवार का उद्घाटन मैच 17 वर्ष (छात्रा वर्ग) में कल्पना चावला स्कूल जायल तथा सूर्या शिक्षण संस्थान कुचेरा के मध्य खेला गया, जिसमें सूर्या शिक्षण संस्थान कुचेरा विजयी रही। छात्रा वर्ग(19 वर्ष) में संखवास एवं इंदास के मध्य खेला गया। इसमें विजेता टीम संखवास रही।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में अमर सिंह मांजू तहसीलदार खींवसर, अर्जुन राम जाजड़ा, श्रवण सिंह राजपुरोहित (पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि,प.स.खींवसर),ओमप्रकाश सारण सरपंच प्रतिनिधि कांटिया, समाजसेवी श्रवण राम सियाग, प्रेम सिंह राजपुरोहित, श्रीराम सोनी, रामु राम सियाग, धना राम गोदारा, गेना राम सियाग समस्त स्टॉफ एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जीएम सरसों से शहद-उत्पादक किसानों को नुकसान होने का खतरा : सीएआई



नई दिल्ली।

जीएम सरसों को पर्यावरणीय परीक्षण के लिए जारी किए जाने पर उठे विवादों के बीच देश में मधुमक्खी-पालन उद्योग के महासंघ 'कंफेडरेशन ऑफ ऐपीकल्चर इंडस्ट्री' (सीएआई) ने इस फैसले को 'मधु क्रांति' के लिए बेहद घातक बताते हुए इस पर रोक लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दखल देने की मांग की है।

मधुमक्खी-पालन उद्योग संगठन सीएआई के अध्यक्ष देवव्रत शर्मा ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा, ''हमने प्रधानमंत्री से मांग की है कि वह आनुवांशिक रूप से संशोधित (जीएम) सरसों की फसलों को अनुमति न देकर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सरसों खेती से जुड़े लगभग 20 लाख किसानों और मधुमक्खीपालक किसानों की रोजी-रोटी छिनने से बचाएं। शर्मा ने कहा, जीएम सरसों की खेती होने पर मधुमक्खियों के पर-परागण से खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने एवं खाद्यतेलों की आत्मनिर्भरता का प्रयास प्रभावित होने के साथ ही 'मधु क्रांति' का लक्ष्य और विदेशों में भारत के गैर-जीएम शहद की भारी निर्यात मांग को भी धक्का लगेगा।'' उन्होंने कहा, ''हमारे यहां पहले सूरजमुखी की अच्छी पैदावार होती थी और थोड़ी-बहुत मात्रा में ही इसका आयात करना पड़ता था। लेकिन सूरजमुखी बीज के संकर किस्म के आने के बाद आज सूरजमुखी की देश में पैदावार खत्म हो गयी है और अब सूरजमुखी तेल की जरूरत सिर्फ आयात के जरिये ही पूरी हो पाती है। यही हाल सरसों का भी होने का खतरा दिखने लगा है।''

# तेरापंथ सभा डेगाना ने जैनाचार्य महाश्रमण के पोस्टर का किया विमोचन

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के वार्ड सख्या पांच में स्थित जेनालय में शनिवार की सांय जैनाचार्य महातपस्वी युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी डॉ. सम्पूर्णयशाजी के सान्निध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें आगामी 21 नवबंर को आचार्य महाश्रमण के डेगाना आगमन की तैयारियों पर चर्चा की ओर स्थानीय समाज ने बहुत ही उत्साह के साथ बेनर एवं होल्डिंग्स का विमोचन किया गया। इस अवसर पर डेगाना के तेरापंथ सभा के सभी भाई बहन संघीय गणवेश में उपसिथत रहे। इसमें महाश्रमण के डेगाना आगमन के समाचारों की



खुशी उनके चेहरों पर झलक रही थी। सभी बच्चों, युवकों, महिलाओं में अपूर्व उत्साह परिलक्षित हो रहा था। साध्वीश्री डॉ. सम्पूर्णयशाजी के द्वारा आचार्यश्री के आगमन पर पूरे समाज को एक दिवसीय पावन प्रवास का भरपूर लाभ उठाने के लिए आहवान किया है। तथा पोस्टरका विमोचन कर महाराज के स्वागत के संदर्भ में रश्म अदा की गई। आचार्यश्री के आने की सूचना पर पूरे डेगाना समाज में सुंदर वातावरण का निर्माण है रहा है। तथा स्वागत करने के लिए तेरापंथ समाज डेगाना ही नही आस पास के गांवों मे रहने वाले सभी समाज के लोगो मे भारी उत्साह है।

### वित्त वर्ष 2022-23 में अब तक आधे से कम पूंजीगत व्यय : टाटा स्टील

नई दिल्ली।

इस्पात उत्पादक कंपनी टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी टीवी नरेंद्रन ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष के लिए निर्धारित पूंजीगत खर्च का आधे से कम खर्च अब तक किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 12,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई थी। इसमें से लगभग 8,500 करोड़ रुपये भारत के लिए जबकि बाकी राशि यूरोप में अपने परिचलान के लिए निर्धारित की गई थी। चालू वित्त वर्ष के सात महीने बीत जाने के बाद पूंजीगत व्यय योजना से संबंधित एक सवाल पर नरेंद्रन ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने अब तक (नियोजित पूंजीगत व्यय का) 50 प्रतिशत से थोड़ा कम खर्च किया है।

# विदेशों में मांग बढ़ने से बीते सप्ताह खाद्य तेल कीमतों में सुधार

नई दिल्ली।

बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में विदेशों में खाद्यतेलों की मांग बढ़ने तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति प्रभावित होने से सरसों, सोयाबीन, मूंगफली तेल-तिलहन, बिनौला, सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में सुधार आया। सर्दियां आने के साथ शादी-विवाह की मांग बढ़ने से भी इस कीमत वृद्धि को समर्थन मिला। कारोबारी सूत्रों ने कहा कि पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष कपास (नरमा) के भाव कम हैं जिसकी वजह से किसान कम भाव पर नरमा बिक्री के लिए कम माल ला रहा है। कम आपूर्ति के बीच बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया है। सूत्रों ने कहा कि किसान मंडियों में सरसों काफी कम बेच रहे हैं और जाड़े के साथ-साथ शादी विवाह के मौसम की मांग होने के कारण सरसों तेल तिलहन कीमतों में सुधार है। जाड़े में हल्के तेलों की मांग बढ़ने और वैश्विक स्तर पर खाद्यतेलों



की कम आपूर्ति की वजह से मूंगफली, सोयाबीन तेल तिलहन कीमतों में भी सुधार आया। सूत्रों के मुताबिक, रूस-यूक्रेन युद्ध को देखते हुए खाद्यतेलों की आपूर्ति कम होने से उत्पन्न कमी को कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल पूरा कर रहा है। इसी वजह से इन तेलों की वैश्विक मांग है। खाद्यतेलों की आपूर्ति कम होने से सीपीओ और पामोलीन तेल कीमतों में सुधार देखा गया। सूत्रों ने कहा कि सूरजमुखी और सोयाबीन खाद्य तेलों के शुल्क-मुक्त आयात की छूट का कोटा निर्धारित किये जाने से बाकी आयात लगभग रुक गया क्योंकि बाकी आयात के लिए आयातकों को आयात शुल्क का भुगतान करना होगा। इससे बाजार में कम आपूर्ति की स्थिति बन गई है और ये खाद्यतेल सस्ता होने की जगह और महंगा हो गये। पहले देश में सूरजमुखी की अच्छी खासी पैदावार थी लेकिन आज इस तेल की मांग को पूरा करने के लिए देश लगभग 98 प्रतिशत सूरजमुखी तेल का आयात करता है। कारोबारी सूत्रों ने कहा कि सरकार को अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करते हुए या तो आयात पूरी तरह खोल देना चाहिये या पहले की तरह कम से कम 5.5 प्रतिशत का आयात शुल्क लगा देना चाहिये।

उन्होंने कहा कि इससे देश को राजस्व की प्राप्ति होगी। सूत्रों ने कहा कि तेल तिलहन कारोबार का परिदृश्य इतना अनिश्चित रहने के बीच इस समस्या का स्थायी और पुख्ता समाधान देश के किसानों को प्रोत्साहन और संरक्षण जारी कर तिलहन उत्पादन बढ़ाना ही हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, पिछले सप्ताहांत के शुक्रवार के बंद भाव के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का भाव 300 रुपये बढ़कर 7,425-7,475 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल समीक्षाधीन सप्ताहांत में 600 रुपये बढ़कर 15,350 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमतें भी क्रमशः 75-75 रुपये बढ़कर क्रमशः 2,330-2,460 रुपये और 2,400-2,515 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुईं। सूत्रों ने कहा कि हल्के तेलों की मांग बढ़ने के बीच किसान मंडियों में कम दाम पर बिकवाली से बच रहे हैं। सोयाबीन की आवक घटने के कारण समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज के थोक भाव क्रमशः 265 और 275 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 5,550-5,600 रुपये और 5,360-5,410 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com